जागरण

# अलीगढ़ में नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, सरगना गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 06 Jan 2019 12:02 PM (IST)



मकान को सासनीगेट के महेंद्रनगर हनुमान गली निवासी सर्वेश अग्रवाल पुत्र किशन अग्रवाल ने किराए पर ले रखा था।

**अलीगढ़ (जेएनएन)।** क्वार्सी पुलिस ने अन्नापुरम कॉलोनी स्थित एक मकान में देसी घी बनाने के चल रहे धंधे का भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने सरगना को पकड़कर मकान से बड़ी मात्रा में कई नामी कंपनियों के घी के तैयार पैकिट व उसे बनाने के तमाम उपकरण व पैकिंग रेपर बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इंस्पेक्टर क्वार्सी सुनील कुमार सिंह को मुखबिर से खबर मिली, जिसके बाद फोर्स के साथ उन्होंने अन्नापुरम कॉलोनी में अतुल गुप्ता के मकान पर छापा मारा। मकान को सासनीगेट के महेंद्रनगर हनुमान गली निवासी सर्वेश अग्रवाल पुत्र किशन अग्रवाल ने किराए पर ले रखा था। पुलिस ने आरोपित सर्वेश को गिरफ्तार कर लिया।

### यह किया बरामद

मकान के एक हिस्से में टीम को बड़ी मात्रा में हेंज, पारस, अमूल, मधुसूदन, कृष्णा आदि विभिन्न नामी -गिरामी कंपनियों के ब्रांडेड देसी घी के एक किलोग्राम व आधा किलोग्राम के पैकिट गत्ते में रखे व तैयार मिले। टीम को यहां से पांच लीटर एसेंस, 14-14 टिन रिफाइंड ऑयल व वनस्पति घी, साढ़े आठ किलोग्राम नकली तैयार देसी घी, 44 टिन खाली, एक गैस चूल्हा, तीन गैस सिलेंडर, एक पैकिंग मशीन, तराजू, रेपर, टेप आदि उपकरण मिले हैं।

### जिले भर में हो रही थी सप्लाई

बकौल इंस्पेक्टर क्वार्सी, आरोपित सर्वेश अग्रवाल ने पूछताछ में बताया कि वह साथियों की मदद से नकली देसी घी तैयार कराता था। फिर उसे अच्छे मुनाफे पर फुटकर व छोटे दुकानदारों को बेचता था। उसे प्रत्येक पैकिट पर 20 से 35 रुपये तक का मुनाफा मिल जाता था। उन्होंने बताया कि सर्वेश के फरार अन्य साथियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

### पहले भी जा चुका है जेल

सर्वेश अग्रवाल वर्ष 2006 में सासनीगेट इलाके में नकली घी बनाते हुए पकड़ा गया था और तब उसे जेल भी जाना पड़ा था। आरोपित ने बताया कि करीब छह माह से वह नकली देसी बनाकर उसे बेच रहा था।

### ये रहे टीम में शामिल

नकली घी की फैक्ट्री को पकडऩे वालों में खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबदुल्लाह, प्रमोद यादव, सुश्री जसप्रीत, एफएसओ राघवेंद्र आदि।

Posted By: **Mukesh Chaturvedi**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/aligarh-city-fake-ghee-making-factory-in-aligarh-18824140.html